**SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE**

Vishweshwarapuram, Bangalore 560004

**MOCK -1**

**For Reduced Syllabus**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **Course:** | II PUC | | **Subject:** | HINDI |
| **Max. Marks:** | 100 | | **Duration:** | 3:15 hrs. |

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6 x 1 = 6**

१ भिक्षुक के गाँव का नाम लिखिए ?

२ कर्त्तव्य किस पर निर्भर है?

३ लेखक ने किनसे साक्षात्कार लिया है?

४ माँ के चेहरे पर क्या थी?

५ 'एक कहानी यह भी' की लेखिका कौन है?

६ किस नदी में भयंकर बाढ़ आती थी?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 x 3 = 9**

७ सुजान भगत भिक्षुक को कैसे संतुष्ट करता है?

८ अंग्रेज़ी-जहाज बीच समुद्र में डूबते समय पुरुषों ने कैसे अपना धर्म निभाया?

९ गंगा मैया का कुर्सी से क्या अभिप्राय है?

१० एक दकियानूसी मित्र ने मन्नू भंडारी के पिता से क्या कहा?

११ मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए ।

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा?** **4 x 1 = 4**

१२ 'धरम के काम में मीन-मेष निकालना अच्छा नहीं।'

१३ 'आप में तो वह शक्ति है कि प्रदूषण अपने आप समाप्त होता जाता है।'

१४ 'लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए तब बुलाना।'

१५ 'श्री विश्वेश्वरय्या एक उच्च कोटि के इंजीनियर और प्रशासक थे।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **2 x 3 = 6**

१६ 'आदमी को चाहिए कि जैसा समय देखे वैसा काम करे।'

१७ 'सत्य बोलने ही से समाज में हमारा सम्मान हो सकेगा और हम आनंदपूर्वक अपना समय बिता सकेंगे।'

१८ 'वत्स, देश का वातावरण ही जब प्रदूषित हो गया तब मैं कैसे बच सकती थी।'

१९ 'एक ओर वे बेहद कोमल और संवेदनशील व्यक्ति थे तो दूसरी ओर बेहद क्रोधी और अहंवादी|'

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6 x 1 = 6**

२० रैदास किस राज्य की कामना करते हैं?

२१ श्री कृष्ण के अनुसार किसने सब माखन खा लिया?

२२ मुस्काते फूल को क्या आना चाहिए?

२३ बेटी किन्हें गहने मानती है?

२४ कौन राह रोकता है?

२५ जंगल को क्या हो जाने से बचाना है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2 x 3 = 6**

२६ गोपिकाएँ अपने आपको क्यों भाग्यशालिनी समझती हैं?

२७ कवयित्री अमरों के लोक को क्यों ठुकरा देती हैं?

२८ मानवता के प्रति कवि नरेंद्र शर्मा के विचार प्रकट कीजिए?

२९ पर्यावरण के संरक्षण के संबंध में कवि कुँवर नारायण के विचार लिखिए?

**इ)ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **2 x 4 = 8**

३० अब कैसे छूटै राम रट लगी।
प्रभु जी तुम चंदन हम पानी,
जाकी अंग–अंग बास समानी।

**अथवा**

जमुना तट देखे नँद नंदन।
मोर–मुकुट मकराकृत–कुंडल, पीत–बसन तन चंदन।
लोचन तृप्त भए दरसन तैं उर की तपनि बुझानी।
प्रेम–मगन तब भईं सुंदरी, उर गदगद, मुख–बानी।

३१ सोने के गहने क्योंकर, माँ?
तकलीफ देते हैं, नहीं चाहिए, माँ!
रंगीन कपड़े क्योंकर, माँ?
मिट्टी में खेलने नहीं देते, माँ!

**अथवा**

अबकी घर लौटा तो देखा वह नहीं था–
वही बूढ़ा चौकीदार वृक्ष
जो हमेशा मिलता था घर के दरवाजे पर तैनात।

**IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **5 x 1 = 5**

३२ दादा जी का छोटा पोता परेश किस पद पर था?

३३ हल्की सी खरोंच भी दवा न लगने पर क्या बन जाती है?

३४ दादा जी किसके हक में हैं?

३५ ग्लानि से भरे हुए भारवि को जाने से क्यों नहीं रोका गया?

३६ पितृ–हत्या का दण्ड क्या नहीं है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2 x 5 = 10**

३७ बेला ने सारा फर्नीचर और सामान कहाँ रख दिया और क्यों?

अथवा

मालवी ने सारी–की–सारी छत क्यों और कैसे खोद डाली?

३८ शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा?

अथवा

प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए।

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए :** **4 x 1 = 4**

३९ क) मैं ने तेरे को कितना समझाय।

ख) उसे भारी दुःख हुआ।

ग) वह देर में सोकर उठता है।

घ) वह धीमी स्वर में बोला।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए :** **4 x 1 =4**

**[की , से,पर ,के लिए]**

४० क) वीरों ने देश––– प्राणों की आहुति दी ।

ख) वह अपने गुरु––– इज़्ज़त करता है।

ग) अपने काम –––वह दिल्ली गया।

घ) बिल्ली पेड ––– बैठी थी।

इ) **निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए:** **3 x 1 = 3**

४१ क) इस दिशा में काम शुरु हो जाएगा। (भूतकाल में बदलिए)

ख) वह कई महीने बाद आयेगा । (वर्तमानकाल में बदलिए)

ग) यात्री गंगा में स्नान कर रहे हैं। (भविष्यत्काल में बदलिए)

ई) **मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए :** **4 x 1 = 4**

४२

| | |
|---|---|
| १) रंग लाना | रहस्य प्रकट होना |
| २) दो कौड़ी का आदमी | ज़ोर की भूख |
| ३) पोल खुलना | तुच्छ या अविश्वासी आदमी |
| ४) पेट में चूहे कूदना | प्रभाव उत्पन्न करना |

४३ उ) **अन्य लिंग रूप लिखिए :** **अ)**साधक **आ)**नाती **इ)**पंडित 3 **x 1 = 3**

४४ ऊ)**अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए** **3 x 1 = 3**

क) जिसका वर्णन न किया जा सके

ख) जिसका आदि न हो

ग) जिसे क्षमा न किया जा सके

४५ ए)**निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए:** **2 x 1 = 2**

**अ)** नायक **आ)**दिन

४६ ऐ) **निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए:** **2 x 1 = 2**

**अ)** निश्चित **आ)**रोज़ाना

४८ **किसी एक विषय पर निबंध लिखिए** **5 x 1 = 5**

क) गण्तंत्र दिवस

ख) व्यायाम के लाभ

ग) विज्ञापनों का जीवन पर प्रभाव

**अथवा**

अपनी भूल के लिए क्षमा माँगते हुए अपने पिता जी को एक पत्र लिखिए।

**VI अ)निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5 x 1 = 5**

४७ भारत विश्व सभ्यता का जनक है, क्योंकि इसकी सभ्यता विश्व की प्राचीनतम सभ्यता है । प्रलय के बाद सर्वप्रथम भारत भूमि पर ही मनु द्वारा सृष्टि की रचना हुई । धरती का स्वर्ग तथा अनेक ऋषि–मुनियों, देवताओं और महापुरुषों की पुण्य भूमि भारत पर स्वयं भगवान राम और कृष्ण ने अवतार लेकर इसकी मि ी को तिलक करने योग्य बना दिया । दुनिया की अनेक संस्कृतियाँ मिट गई परंतु भारत की संस्कृति आज भी जीवित है । अपने ऐश्वर्य और समृद्धि के कारण यह ‘सोने की चिड़िया’ कहलाया । सभी प्रकार की कलाओं और विद्याओं का शुभारंभ इसी धरती पर हुआ। तथा मोक्ष का मूलमंत्र भी सर्वप्रथम इसी धरती के लोगों के हाथ लगा। जिसे संपूर्ण विश्व में फैलाकर भारत ‘विश्वगुरु’ कहलाया। आज भारत ने हर क्षेत्र में अदभुत प्रगति की है । इसलिए हम गर्व से कहेंगे ‘मेरा भारत महान’ है ।

१) भारत को किसका जनक कहा जाता है?

२) प्रलय के बाद किसकी रचना हो गई?

३) भारत की धरती को स्वर्ग के योग्य किसने बनाया?

४) किसके कारण भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता है?

५) किसका शुभारंभ भारतभूमि पर हुआ?

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **5 x 1 = 5**

४९ i) He was respected by everyone.

ii) Mahatma gandhi was a follower of truth and non-violance.

iii) The security of our nation is our responsibility.

iv) There is no success without hard work.

v) Youths are valuable asset of nation.